1. TSC / Swajaldhara
2. Committees & nodal officers

मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल
//आदेश//

भोपाल, दिनांक 01अगस्त 2003

क्रमांक एफ–06/13/2003/34/1: भारत शासन द्वारा स्वजलधारा जून 2003 के अंतर्गत दिये गये दिशा– निर्देशों के तहत राज्य शासन द्वारा राज्य स्तर पर राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन का गठन किया जाता है । यह मिशन सेक्टर रिर्फाम स्वजलधारा एवं समग्र स्वच्छता अभियान के क्रियान्वयन प्रक्रिया को सुदृढता से अनुश्रवित, समन्वित एवं पर्यवेक्षित करेगा । मिशन एक पंजीकृत संस्था के रूप में कार्य करेगा । जिसका भारतीय स्टेट बैंक सहयोगी बैंक में पृथक से खाता होगा ।

2/ नव गठित मिशन के अन्तर्गत दो समितियों शिखर समिति एवं कार्यपालिका समिति कार्य करेगी जिसका गठन क्रमशःसामान्य प्रशासन विभाग का आदेश क्रंमाक एफ–19–92 /03/1/4,दिनांक 01अगस्त ,2003 तथा समसंख्यक आदेश दिनांक 01अगस्त 2003 व्दारा किया गया हैं !

3. राज्य जल एंव स्वच्छता मिशन का कार्य निम्नानुसार होंगें :–

1. स्वजलधारा एंव समग्र स्वच्छता अभियान योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नीति संबधी मार्गदर्शन !
2. पेयजल आपूर्ति विभाग के साथ अनुबंधित किये गये एम.ओ.यू. का समय समय पर पर्यवेक्षेण !
3 पेयजल आपूर्ति एंव स्वच्छता क्षेत्र में सिस कि भारत सरकार तथा अन्य वाहय संस्था से पूर्णतया आंशिक रूप से धनराशि प्राप्त हो रही हो (ए.आर.डब्ल्यू.एस.पी.,सबमिशन एंव समग्र स्वच्छता शामिल हो) पर विचार एंव अनुमोदन !
4 पेयजल आपूर्ति एंव स्वच्छता गतिविधियों जिसमें विशेष परियोजना भी शामिल हो उनमें एकरूपता एकीकरण (कनवर्जेन्स)लाना !
5 ग्रामीण पेयजल आपूर्ति एंव स्वच्छता कार्यो में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एंव अन्य सहयोगियों के मध्य समन्वय स्थापित करना !
6 पेयजल आपूर्ति एंव स्वच्छता योजनाओं का अनुश्रण और क्रियान्वयन की समीक्षा करना , जिसमें भौतिक एंव वित्तीय उपलब्धियॉ शामिल हो !
7 स्वजलधारा योजनाओं का निर्माण के स्तर के प्रमाणीकरण हेतु स्वत्रंत संस्था की व्यवस्था करना!
8 पेयजल तथा स्वच्छता के लिए संचार तथा क्षमता विकास कार्यक्रमों का एकीकरण एंव संचालन !
9. स्वजलधारा–।। के अर्न्तगत के लिए जाने वाले जिलों का चनावु करना !
10 एक से अधिक जिलों के अन्तर्गत आनें वाले ग्रामों की संयूक्त जलप्रदाय योजनाओं पर स्वीकृति हेतु विचार एंव अनुमोदन किया जाना! 11 स्वजलधारा के अन्तर्गत क्रियान्वित हो रही योजनाओं को विशेषज्ञों के दल व्दारा रेंडम (नमूना) निरीक्षण करना !
12 भारत सरकार व्दारा प्राप्त स्वजलधारा की राशि की आंवटन जिला , जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत स्तर पर करना !

13 जिलों से उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा अंकेक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करना तथा भारत सरकार को स्वजलधारा –। की ि्वतीय किश्त तथा स्वजलधारा –।। की व्दितीय तृतीय व चतुर्थ किश्त मुक्त करने कि अनुशंसा करना !

14 स्वजलधारा प्रोजेक्ट फंड का चार्टेड एकाउंटेंट से आडिट करना !

15 ग्राम पंचायत को मार्गदर्शन हेतु विभिन्न तकनीकी विकल्पों के रूपांकन तथा प्रस्तावित क्रियान्वयन , संचालन व संधारण तथा पुनः निर्माण की नियमावली बनाना्

16 राज्य में स्वजलधारा–। तथा।। में वार्षिक निधि की आवश्यकता का आंकलन करना

17 पूर्ण हो चुकि योजनाओं के क्रियान्वयन की विशेषज्ञों,अधिकारीयों,स्वयं सेवी संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं व्दारा अनुश्रण एंव समीक्षा करानें के तंत्र का निर्धारण करना !

4/ राज्य शासन व्दारा इस विभाग के आदेश क्रंमाक एफ–8/96/2/34,दिनांक 8जून 2001 व्दारा गठित कार्यपालिका समिति को निरस्त किया जाता !

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ता/–
(अजातशत्रु)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

पृ0क्रंमाक–एफ–06/13/2003/34/1, भोपाल , दिनांक 1अगस्त ,2003.

प्रतिलिपिः–

1 अपर मुख्य सचिव एंव अध्यक्ष,राज्य जल एंव स्वच्छता मिशन ,
2 प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल ,
3 प्रमुख सचिव/सचिव,मध्यप्रदेश शासन,ग्रामीण विकास विभाग/पंचायत विभाग /स्कूल शिक्षा विभाग/लोक स्वास्थ्य एंव परि.कल्याण विभाग/जनसंपर्क विभाग /प्राथमिक शिक्षा विभाग/योजना विभाग/ समाज कल्याण विभाग,
4. प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , मध्यप्रदेश भोपाल ,
5 सलाहकार , प्रौधौगिकी मिशन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , म0प्र0 भोपाल,
6 प्रोजेक्ट डारेक्टर ,सेक्टर रिंफार्म एंव स्वजलधारा तथा समग्र स्वाच्छता अभियान
7 मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,परिक्षेत्र भोपाल/इंदौर/ग्वालियर /जबलपूर मध्यप्रदेश भोपाल,
8 संयूक्त सचिव ,भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय पेयजल प्रदाय विभाग से निवेदन है कि कृपया राज्य जल एंव स्वच्छता मिशन की शिखर समिति मे भारत सरकार के प्रतिनिधि मनोनीत करनें की कार्यवाही करें ,
9. सचिव ,मुख्य मंत्री, मध्यप्रदेश शासन ,
10. मुख्य सचिव, के उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन ,
11. विशेष सहायक , मंत्री , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , मध्यप्रदेश भोपाल ,
सयूंक्त संचालक , जनसंपर्क (मंत्रालय प्रकोष्ठ)भोपाल ,

हस्ता/–
उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग